भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, क्षेत्रिय केंद्र भोवाली

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो हिंदी भाषी क्षेत्र में आता है| वर्ष 2022 में हिंदी की चार तिमाही बैठकें क्रमशः दि. 29.03.2022, 28.06.2022, 22.08.2022 एवं 25.11.2022 को आयोजित की गयीं, जिनमे केंद्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया ।सभी बैठकों में हिंदी के प्रोत्साहन एवं प्रचार-प्रसार हेतु चर्चाएँ की गयी एवं अधिकतम कार्य हिंदी में करने हेतु निर्णय लिए गए । केंद्र में दिनांक 14.09.2022से 28.09.2022 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया| कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी दिवस के दिन, दिनांक 14.09.2022 को दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई जिसमे प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने भाग लिया| डॉ ममता आर्य ने हिंदी की उपयोगिता एवं इसके अनोखे एवं रोचक तथ्यों से अवगत कराया और सभी को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जैसे श्रुति लेख, अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद, हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद आदि, जिसमें केंद्र के कुशल, अर्ध-कुशल एवं अकुशल कर्मचारियों ने भाग लिया। दिनांक 27.09.2020 को कार्यक्रम का समापन किया गया । इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए ।